# P.P.N. (P.G.) College, Kanpur
# Admission 2024-25
# Instructions for UG-I Online Applicants

| | |
|---|---|
| **1.** The candidate must obtain their **CSJM University Registration Number** at https://csjmuadm.samarth.edu.in/ and save its file for uploading at the time of form filling. | 1. उम्मीदवार को अपना सीएसजेएम वि0वि0 **पंजीकरण नंबर** https://csjmuadm.samarth.edu.in/ पर प्राप्त करना होगा और फॉर्म भरने के समय अपलोड करने के लिए इसकी फाइल को सेव करना होगा। |
| **2. Preparation before filling Online Application Form -**<br>**-** Keep the scanned (.jpg) files of followings items. Photo of documents through mobile is not allowed.<br>**a)** Student's Photo Scan **(10 kb - 50 kb)**<br>**b)** Student's Signature Scan **(10 kb - 50 kb)**<br>**c)** Parent's/Guardian's Signature Scan **(10 kb - 50 kb)**<br>***d)*** Scanned copy of Original Documents (**100-500kb, 300 dpi**) *(10th Mark sheet/Certificate, 12th Mark sheet/certificate, Category/Sub Category/ EWS/Games Certificates, University Registration Number)*<br>**e)** EWS certificate **(For Economically Weaker Section applicants)**<br>**f) ABC ID generated from Digilocker**<br>**g)** Voter ID if exists | **2. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले की तैयारी –**<br>निम्नलिखित मदों की स्कैन (.jpg) फाइलें रखें। मोबाइल के साथ दस्तावेजों की फोटो की अनुमति नहीं है।<br>a) छात्र का फोटो स्कैन (10 केबी - 50 केबी)<br>b) छात्र के हस्ताक्षर स्कैन (10 केबी - 50 केबी)<br>c) माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर स्कैन (10 kb - 50 kb)<br>d) मूल दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रति (100 केबी - 500 केबी, 300 डीपीआई) *(10वीं की मार्कशीट/सर्टिफिकेट, 12वीं की मार्कशीट/सर्टिफिकेट, कैटेगरी/सब कैटेगरी/ईडब्ल्यूएस/गेम सर्टिफिकेट,* विश्वविद्यालय पंजीकरण नंबर*)*<br>e) ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदक हेतु )<br>**f) डिजिलॉकर से प्राप्त की गई एबीसी आईडी**<br>g) मतदाता पहचान पत्र की प्रति यदि हो |

**3. How to Apply**

a) Click to " Apply Online For Admission in UG-I ".

b) Click the Register button to register yourself. Fill all the necessary fields (Name, email, mobile number etc.) and accept “I have read and understood the instructions”. Pay Rs.350/- through online process.

c) After Payment you will receive User login ID (College Registration Number), Password (DOB), transaction ID and brochure via Registered E-mail /SMS.

d) Please download the brochure and read carefully.

e) Login with User Name and Password.

f) Fill all the four levels of application form which are-

I. Basic Information and faculty/course selection (In the light of the rules given in the prospectus)

II. Academic Information

III. Documents & Photograph Submission and

IV. Complete Form view and final submission.

3. **आवेदन कैसे करें**

a) "UG-I में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करें" पर क्लिक करें।

b) स्वयं को रजिस्टर करने के लिए रजिस्टर बटन पर क्लिक करें। सभी आवश्यक फ़ील्ड (नाम, ईमेल, मोबाइल नंबर आदि) भरें और स्वीकार करें कि "मैंने निर्देशों को पढ़ और समझ लिया है"। ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से 350/- रुपये का भुगतान करें।

c) भुगतान के बाद आपको पंजीकृत ई-मेल/एसएमएस के माध्यम से उपयोगकर्ता लॉगिन आईडी (कॉलेज पंजीकरण संख्या), पासवर्ड (डीओबी), लेनदेन आईडी और विवरणिका प्राप्त होगी।

d) कृपया ब्रोशर डाउनलोड करने के बाद ध्यान से पढ़ें।

e) उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड के साथ लॉगिन करें।

f) आवेदन पत्र के सभी चार स्तरों को भरें जो हैं-

I. बुनियादी जानकारी और संकाय /पाठ्यक्रम चयन (विवरणिका में दिए गए नियमों के आलोक में)

II. शैक्षणिक सूचना

III. दस्तावेज़ और फोटोग्राफ सबमिशन और

IV. संपूर्ण आवेदन अवलोकन और अंतिम सबमिशन।

| | |
|---|---|
| g) Fill all Mandatory & Non-Mandatory fields carefully. Upload student's photo, student's signature, parent's/guardian's signature & other documents carefully in proper size, it must be clear & readable. Submit the application finally. | g) सभी अनिवार्य और गैर-अनिवार्य क्षेत्रों को ध्यान से भरें। छात्र की फोटो, छात्र के हस्ताक्षर, माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर और अन्य दस्तावेजों को उचित आकार में सावधानी से अपलोड करें, यह स्पष्ट और पठनीय होना चाहिए। अंत में आवेदन जमा करें। |
| h) Take the printout of the Application after final submission and save it as proof. | h) आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने के बाद आवेदन का प्रिंटआउट लें और अंत में इसे प्रमाण के रूप में सहेजें। |

**Important :**

- **a) The applicant must have passed the class intermediate/10+2 from any board authenticated by the law of India and Uttar Pradesh.**
- **b) The year of eligibility (passing year of intermediate) for admission in UG-1 is 2024. A maximum relaxation of 2 years academic gap in the year of eligibility shall be considered under valid proof with affidavit and merit shall be decided with reduction of 1% per year gap in intermediate marks.**
- **c) OBC Certificate issued before 1st July 2021 is not acceptable.**
- **d) The EWS Certificate issued by valid authority is only acceptable and should be verifiable online.**
- **e) Caste certificate (OBC/ SC/ST) must be verifiable online.**
- **f) Applicants seeking admission in UG-I can apply for more than one courses *BA; BSc–Maths; BSc-Bio; B.Com.* through getting new registration with different email ID.**
- **g) Email ID and Mobile number must be of applicants.**

- **h) B.Sc. Math group applicants must have Physics and Mathematics in Intermediate / class XII.**
- **i) B.Sc. Bio group applicants must have Biology in Intermediate / class XII.**
- **j) The students having Mathematics /Commerce in Intermediate/class XII can apply for admission in B.Com.**
- **k) The selection of subject in the applied course and fee payment shall be done by the candidate through online mode after publication of merit cut off and physical verification of documents at the date given by the college.**
- **l) The selection of subject in the applied course at the time of admission shall be done as per NEP-2020.**

Note: Candidate's name, father name, mother name and date of birth should be same as per in High school marksheet, Intermediate marksheet and aadhar card. In case of any discrepancy, the candidate shall not be possible to link with university website, whose all responsibility shall be of the candidate.

नोट: अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम और जन्मतिथि हाई स्कूल की मार्कशीट, इंटरमीडिएट की मार्कशीट , आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र के अनुसार ही होना चाहिए। किसी भी विसंगति के मामले में, अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट से लिंक करना संभव नहीं होगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

## Technical/Enquiry Helpline number

**For any technical support during form-filling, contact following helpline numbers**

**9519894121, 8604502940**

**For any other enquiry contact P.P.N. College at helpline numbers.**

**8707538344, 9984694499**

**In case Helpline number is busy, please wait, do not call again and again.**

# P.P.N. (P.G.) College, Kanpur
# Admission 2024-25
# Instructions for UG-I Online Applicants

## स्नातक प्रथम वर्ष (प्रथम–द्वितीय सेमेस्टर)

## हेतु अर्हता, प्रवेश निर्देश एवं विषय चयन प्रारूप

### प्रवेश अर्हता

1 स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी को इण्टरमीडिएट/10+2/समतुल्य कक्षा में उत्तरप्रदेश शासन या भारत सरकार द्वारा विधिमान्य संस्था/बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2 प्रवेश हेतु अर्हता वर्ष–2024 से पूर्व अधिकतम दो वर्ष का अकादमिक गैप आवश्यक साक्ष्यों एवं शपथपत्र के अधीन अनुमन्य होगा। उक्त की स्थिति में प्रति गैप वर्ष के लिए 1% अंक की कमी के साथ मेरिट कट–आफ के आलोक में प्रवेश अनुमन्य होगा।

3 बी0एससी0 प्रथम वर्ष/सेमेस्टर गणित समूह में प्रवेश हेतु कक्षा–12 में गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

4 बी0एससी0 प्रथम वर्ष/सेमेस्टर बायों समूह में प्रवेश हेतु कक्षा–12 में जीव विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

5 बी0कॉम0 प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में केवल वाणिज्य/गणित समूह के छात्र ही आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी को कक्षा–12 में वाणिज्य/गणित विषय/समूह में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### प्रवेश प्रक्रिया

1 अभ्यर्थी को स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रु 350.00) के पश्चात प्रवेश वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों के आलोक में आवेदन करना होगा।

2 मेरिट–कटआफ निर्गत होने के पश्चात तथा इसके अन्तर्गत कक्षा 12 के अंक प्रतिशत आने की स्थिति में, अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि एवं समय पर संलग्नकों का भौतिक सत्यापन कराना होगा।

3 भौतिक सत्यापन हेतु अभ्यर्थी अपने सभी मूल दस्तावेज (*वि0वि0 पंजीकरण से सम्बन्धित लेटर, सीक्रेट कोड से सम्बंधित विश्वविद्यालय प्रपत्र, हाईस्कूल अंकपत्र और प्रमाणपत्र, इण्टरमीडिएट अंकपत्र और प्रमाणपत्र, टी0सी0, सी0सी0, ए0बी0सी0–आई0डी0, जाति प्रमाणपत्र*

*एवं ई0डब्लू0एस0 प्रमाण पत्र / डिफेन्स डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र / स्वतंत्रता सेनानी डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र / दिव्यांग प्रमाण पत्र / खेल से सम्बन्धित प्रमाणपत्र, 2–रंगीन फोटो इत्यादि)* लेकर आयेंगे। साथ ही आवेदन का प्रिंटआउट एवं सभी आवश्यक मूल–दस्तावेजों की एक छायाप्रति/फोटोकापी अनिवार्य रुप से लेकर आयेंगे। वर्ष अन्तराल के सन्दर्भ में, अभ्यर्थी को उपयुक्त साक्ष्यों के साथ Rs.10/- स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र अनिवार्य रूप से देना होगा।

4 टी0सी0 एवं सी0सी0 की मूल प्रति न होने पर प्रवेश सम्भव नही होगा यद्यपि प्राचार्य की अनुमति से अस्थायी प्रवेश अनुमन्य हो सकता है यदि विद्यार्थी हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट अंकपत्र की मूल प्रति जमानत के तौर पर महाविद्यालय कार्यालय में जमा करने के लिए सहमत हो। अस्थायी प्रवेश केवल 30 दिन के लिए मान्य है। इस अवधि के भीतर विद्यार्थी टी0सी0 एवं सी0सी0 की मूल प्रति को कार्यालय में जमाकर हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट अंकपत्र की मूल प्रति को प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।

5 भौतिक सत्यापन के पश्चात अभ्यर्थी को विषय चुनाव और शुल्क के भुगतान हेतु एस0एम0एस0 अथवा ईमेल प्राप्त होगा।

6 इसके पश्चात पंजीकरण के लॉगिन व पासवर्ड का उपयोग करते हुए अभ्यर्थी द्वारा विषय चयन व शुल्क भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा। शुल्क रसीद एवं सब्जेक्ट कार्ड की सत्यापित प्रति महाविद्यालय से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## प्रवेश हेतु मुख्य निर्देश

- किसी भी दशा में किसी भी दिन मेरिट–कटआफ के नीचे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।
- सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत वैध जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ही दावा किये गये आरक्षण श्रेणी का लाभ अनुमन्य होगा एवं अभ्यर्थी को दावाकृत आरक्षण श्रेणी की सीटों के सापेक्ष ही प्रवेश अनुमन्य होगा।
- उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होने पर ही अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों को ही आरक्षण का लाभ देय होगा तथा अन्य प्रदेशों के अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के माने जायेंगें।
- यूपीएचसी (उत्तरप्रदेश दिव्यांगजन या विकलांग), यूपीएफएफ (यूपी के स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित. पुत्र/पुत्री/पौत्र) एवं यूपीएएफ (उत्तरप्रदेश

में तैनात रक्षा कर्मियों या उत्तरप्रदेश के सेवनिवृत्त / शहीद हुए / अक्षम हो गये रक्षा कर्मियों के पुत्र/पुत्री) के आवेदकों को उत्तरप्रदेश क्षैतिज आरक्षण नियमावली के संगत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष उपयुक्त प्रमाण पत्र पर ही प्रवेश अनुमन्य होगा।

- ***यूपीएचसी/यूपीएएफ/यूपीएफएएफ के आवेदकों पर कटआफ लागू नहीं होगा परन्तु इनके प्रवेश में आरक्षण का लाभ दिनांक 15 जून 2024 तक ही अन्तिम रूप से आवेदित आवेदनों पर ही अनुमन्य होगा।***
- **ई0डब्ल्यू0एस0** (आर्थिक रुप से कमजोर) श्रेणी के आवेदकों को उत्तरप्रदेश उर्ध्वाधर आरक्षण नियमावली के संगत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष उपयुक्त प्रमाण पत्र पर ही प्रवेश अनुमन्य होगा। *इन* ***आवेदकों पर भी कटआफ लागू नहीं होगा परन्तु इनके प्रवेश में आरक्षण का लाभ दिनांक 15 जून 2024 तक अन्तिम रूप से आवेदित आवेदनों पर ही अनुमन्य होगा।***
- *अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाणपत्र दिनांक 01/07/2021 के बाद के निर्गत ही मान्य होंगे, जबकि* ***ई0डब्ल्यू0एस0*** *के नवीनतम वैध प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे।*
- *जाति प्रमाणपत्र का आनलाइन सत्यापित होना अनिवार्य है। आनलाइन सत्यापित न होने की स्थिति में* ***आरक्षण लाभ देय नहीं होगा।***
- ***राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ियों के अभ्यर्थियों को उपयुक्त प्रमाण पत्र होने पर मेरिट कटआफ में 2 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगा।***
- सभी आरक्षण एवं प्रवेश, राज्य सरकार की नीतियों और विश्वविद्यालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार अनुमन्य होंगे।
- मेरिट कटआफ की समय सीमा समाप्त होने एवं सीट उपलब्धता के आधार पर अग्रिम मेरिट कटआफ जारी किया जायेगा। जिसकी सूचना महाविद्यालय प्रवेश वेबसाइट पर दी जायेगी।
- मेरिट कटआफ की समय सीमा के किसी भी दिन किसी श्रेणी में प्रवेश पूर्ण होने की स्थिति में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उस श्रेणी में प्रवेश रोक दिया जायेगा तथा आगे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।
- ***प्रवेश के पश्चात्, प्रवेश निरस्तीकरण उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार ही अनुमन्य होगा।***

## विषय चयन प्रारुप

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेशित विद्यार्थियों को **03 मुख्य विषय** (*6 क्रेडिट प्रति विषय प्रति सेमेस्टर*) के साथ **01 माइनर इलेक्टिव विषय** (*6 क्रेडिट का पेपर प्रति दो सेमेस्टर*), **01 कौशल विकास पाठ्यक्रम** (*3 क्रेडिट का प्रति सेमेस्टर एक पाठ्यक्रम*) तथा **01 सह– पाठ्यक्रम** (*प्रति सेमेस्टर एक पाठ्यक्रम*) का अध्ययन करना होगा। अर्थात्–

| क्रम संख्या | विषय | संकाय | अध्ययन का समय | विशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य विषय–1 | स्वयं संकाय* | कोई दो 6 सेमेस्टर तथा एक 4 सेमेस्टर | दो वर्ष तक यथावत तीसरे वर्ष में किसी एक को छोड़ने का विकल्प |
| 2 | मुख्य विषय–2 | स्वयं संकाय* | | |
| 3 | मुख्य विषय–3 | स्वयं संकाय** | | |
| 4 | माइनर विषय–4 | अन्य संकाय** | 4 सेमेस्टर# | वार्षिक पाठ्यक्रम |
| 5 | व्यवसायिक या कौशल विकास पाठ्यक्रम | विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित व संचालित | 4 सेमेस्टर# | दो सेमेस्टर के प्रोग्रेसिव पाठ्यक्रम और प्रति वर्ष परिवर्तनीय |
| 6 | सह–पाठ्यक्रम | उ0प्र0 प्रशासन द्वारा परिभाषित व संचालित | 6 सेमेस्टर | प्रति सेमेस्टर एक और 40 प्रतिशत अंकों के साथ क्वलीफाइंग पाठ्यक्रम |

*विद्यार्थी द्वारा चुना गया संकाय ।

** बी0ए0 पाठ्यक्रम में कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के छात्र भाषा संकाय के विषय को मुख्य विषय–3 के रूप में चयन कर सकते है, जबकि भाषा संकाय के छात्र कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय से मुख्य विषय–3 का चयन कर सकते है।

#प्रति वर्ष सम या विषम सेमेस्टर में एक माइनर विषय का पेपर।

### मुख्य विषय (Major Subjects)

1. विद्यार्थी को प्रवेश के समय एक संकाय [**कला संकाय** (***भाषा संकायः*** हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत अथवा ***कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकायः*** रक्षा एवं सामरिक अध्ययन, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा), **विज्ञान संकाय** (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान), **वाणिज्य संकाय]** का चयन करना होगा। यह संकाय विद्यार्थी का स्वयं संकाय कहलायेगा। तत्पश्चात उसे उस संकाय के दो मुख्य (मेजर) विषयों का चुनाव करना होगा। जिसका अध्ययन वह तीन वर्ष (प्रथम से छठे सेमेस्टर) तक कर सकता है।
2. विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी को मुख्य विषय–3 का चयन स्वयं संकाय से करना होगा। बी0ए0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के छात्र भाषा संकाय के विषय को मुख्य विषय–3 के रूप में चयन कर सकते है, जबकि भाषा संकाय के छात्र कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय से मुख्य विषय–3 का चयन कर सकते है।
3. स्नातक प्रथम वर्ष के चयनित मुख्य (मेजर) विषय, द्वितीय वर्ष में यथावत रहेंगे जबकि तृतीय वर्ष में मुख्य विषयों में से किसी भी एक विषय को छोड़ने का विकल्प होगा।

### माइनर विषय (Minor Subjects)

1 स्नातक स्तर पर सभी विद्यार्थीयों को माइनर इलेक्टिव विषय चतुर्थ विषय (उसके द्वारा लिए गए तीन मुख्य विषयों के अतिरिक्त) के रूप में लेना होगा। जो उसका 6 क्रेडिट का चतुर्थ विषय होगा। इस विषय के लिये किसी भी pre-requisite की आवश्यकता नहीं होगी।

2 बी0काम0 (एडेड) व बी0एस0सी0 के छात्रों को प्रथम सेमेस्टर के विषयों से माइनर विषय–4 का चयन करना होगा। जबकि बी0काम0 स्ववित्तपोषित एवं बी0ए0 के छात्रों को द्वितीय सेमेस्टर के विषयों से माइनर विषय–4 का चयन करना होगा।

***प्रत्येक सैद्धांतिक मेजर एवं माइनर विषय में प्रति सेमेस्टर 6 क्रेडिट का एक पेपर होता है जबकि प्रत्येक प्रयोगिक मेजर एवं माइनर विषय में 4 क्रेडिट का एक पेपर तथा 2 क्रेडिट का एक प्रैक्टिकल होता है। प्रत्येक पेपर तथा प्रैक्टिकल 100 अंकों (आन्तरिक 25 अंक एवं वाह्य 75 अंक) का होता है। किसी पेपर/ प्रैक्टिकल के वाह्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु 75 अंक में से 25 अंक तथा 100 में से 33 अंक पाना अनिवार्य होता है।***

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं विश्वविद्यालय नियमावली के अन्तर्गत महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों/सीटों की उपलब्धता के आधार विद्यार्थियों द्वारा विषय समूहों का चयन निम्नानुसार किया जायेगा।

## स्नातक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मेजर व माइनर विषय चयन प्रारुप

| विषय | बी0काम0 | बी0ए0 (भाषा) | बी0ए0 (भाषा) | बी0ए0 (कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) | बी0ए0 (कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान ) | बी0एससी0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मेजर विषय–1 | वणिज्य संकाय | भाषा | भाषा | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | विज्ञान संकाय |
| मेजर विषय–2 | वणिज्य संकाय | भाषा | भाषा | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | विज्ञान संकाय |
| मेजर विषय–3 | वणिज्य संकाय | भाषा | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | भाषा | विज्ञान संकाय |
| माइनर विषय–4 | बी0ए0 संकाय | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय /वाणिज्य संकाय | बी0ए0 संकाय /वाणिज्य संकाय | भाषा संकाय/ वाणिज्य संकाय | बी0ए0 संकाय /वाणिज्य संकाय | बी0ए0 संकाय |

## संकायवार विषय वर्गीकरण

| A-Faculty of Language (भाषा संकाय) | | B-Faculty of Arts & Humanities (कला एवं मानविकी संकाय) | |
|---|---|---|---|
| i | अंग्रेजी | i | रक्षा एवं सामरिक अध्ययन |
| Ii | हिन्दी | ii | अर्थशास्त्र |
| iii | संस्कृत | iii | भूगोल |
| iv | | iv | इतिहास(मध्यकालीन एवं आधुनिक) |
| v | | v | राजनीति विज्ञान |
| vi | | vi | मनोविज्ञान |
| vii | | vii | सामाजिक विज्ञान |
| viii | | viii | शारीरिक शिक्षा |

| C-Faculty of Science (विज्ञान संकाय) | | D-Faculty of Commerce (वाणिज्य संकाय) | |
|---|---|---|---|
| i | गणित | i | वाणिज्य |
| ii | भौतिक विज्ञान | | |
| iii | रसायन विज्ञान | | |
| iv | संख्यिकी | | |
| v | जन्तु विज्ञान | | |
| vi | वनस्पति विज्ञान | | |

## ***कौशल विकास पाठ्यक्रम (Vocational/ Skill development Courses)***

स्नातक प्रथम के प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कौशल विकास पाठ्यक्रम को प्रथम दो वर्ष (04 सेमेस्टर) में अध्ययन अनिवार्य रहेगा। पाठ्यक्रम दो सेमेस्टर के प्रोग्रेसिव होंगे अतः प्रति वर्ष एक का चयन करना होगा। विश्वविद्यालय द्वारा मान्य एवं महाविद्यालय द्वारा संचालित निम्न कौशल विकास पाठ्यक्रमों का चयन अनुमन्य होगा।

| क्रम संख्या | कक्षा | कौशल विकास पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | बी0ए0 | School Psychology |
| | | Disaster Management |
| | | Functional English |
| | | Physical Education and Sports |
| | | Srajanatmak Lekhan Hindi |
| 2 | बी0एससी0 | Laboratory Techniques in Chemistry |
| | | Laboratory Techniques in Physics |
| | | Food Processing and Preservation |
| | | Office Automation Using MS Office |
| | | Preservation of Household Cleaning Agent and Disinfectant |
| 3 | बी0काम0 | Office Automation Using MS Office |
| | | Disaster Management |
| | | Investment Management |
| | | Physical Education and Sports |

प्रति सेमेस्टर कौशल विकास पाठ्यक्रम 100 अंको (सैद्धांतिक 40 अंक एवं प्रयोगिक 60 अंक) का होता है। इसमें उत्तीर्ण होने हेतु 100 में से 40 अंक पाना अनिवार्य होता है।

## **सह–पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम (Co-Curricular Courses)**

स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को तीन वर्षो (छः सेमेस्टर्स) के प्रत्येक सेमेस्टर में एक सह–पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम के अध्ययन करना अनिवार्य होगा। इन छः सह–पाठ्यक्रमों के सिलेबस विश्वविद्यालय एवं उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। इन सभी सह–पाठ्यक्रमों को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंको के साथ विद्यार्थी को उत्तीर्ण करना होता है। विद्यार्थी की ग्रेड सीट पर इनके प्राप्तांकों पर आधारित ग्रेड तो अंकित होंगे, परन्तु उन्हें सी.जी.पी.ए. की गणना में सम्मलित नहीं किया जायेगा।

| क्रम संख्या | सेमेस्टर | सह–पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | 1 | Food, Nutrition and Hygiene |
| 2 | 2 | First Aid and Health |
| 3 | 3 | Human Values and Environment studies |
| 4 | 4 | Physical Education and Yoga |
| 5 | 5 | Analytic Ability and Digital Awareness |
| 6 | 6 | Communication Skills and Personality Development |

***प्रत्येक सह–पाठ्यक्रम 100 अंको (आन्तरिक 25 अंक एवं वाह्य 75 अंक)का होता है। इसमें उत्तीर्ण होने हेतु 75 अंक में से 30 अंक तथा 100 में से 40 अंक पाना अनिवार्य होता है। यह पाठ्यक्रम क्वालिफाइंग होता है***

# पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज

## प्रवेश सम्बन्धी महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| **स्नातक प्रथम वर्ष – वित्तपोषित ( बी0ए, बी0एससी0, बी0काम0)** | |
| ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 20 मई 2024 |
| प्रथम मेरिट कटआफ निर्गत होने की तिथि | 01 जून 2024 |
| प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि | 03 जून 2024 |
| प्रवेश समय | 10:00 से 3:00 बजे |
| द्वितीय मेरिट कटआफ निर्गत होने की तिथि | 09 जून 2024 |
| तृतीय मेरिट कटआफ निर्गत होने की तिथि | 16 जून 2024 |
| ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि | 22 जून 2024 |
| प्रवेश की अन्तिम तिथि | 22 जून 2024 |
| आवेदन एवं प्रवेश की अन्तिम विस्तारित तिथि (केवल सीट रिक्त होने की स्थिति में) | 30 जून 2024 |
| **स्नातक प्रथम वर्ष – स्ववित्तपोषित (बी0काम0–छात्रा, बी0बी0ए0, बी0सी0ए0)** | |
| आवेदन एवं प्रवेश प्रारम्भ होने की तिथि | 20 मई 2024 |
| आवेदन एवं प्रवेश की अन्तिम तिथि | 30 जून 2024 |
| आवेदन एवं प्रवेश की अन्तिम विस्तारित तिथि (केवल सीट रिक्त होने की स्थिति में) | विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित |